Series QSS4R/4

Set – 1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/4/1**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (**मानचित्र** सहित) हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

- *Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).*
- *Please check that this question paper contains **34** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***



ZOLLEGE

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड-क** : प्रश्न संख्या **1** से **21** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड-ख** : प्रश्न संख्या **22** से **27** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड-ग** : प्रश्न संख्या **28** से **30** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड-घ** : प्रश्न संख्या **31** से **33** तीन उपप्रश्नों वाले स्रोत आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड-ङ** : प्रश्न संख्या **34** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षण, वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । यह प्रश्न **5** अंकों का है । मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख, खण्ड ग तथा खण्ड घ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*



ZOLLEGE

**General Instructions :**

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***five*** *Sections – Section* ***A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* ***Section A*** *– question number* ***1*** *to* ***21*** *are Multiple Choice type Questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– question number* ***22*** *to* ***27*** *are Short Answer type Questions. Each question carries* ***3*** *marks. Write answer to each question in* ***60*** *to* ***80*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– question number* ***28*** *to* ***30*** *are Long Answer (LA) type Questions. Each question carries* ***8*** *marks. Write answer to each question in* ***300*** *to* ***350*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– question number* ***31*** *to* ***33*** *are Source Based Questions having* ***three*** *sub questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(vii)* ***Section E*** *– question number* ***34*** *is Map Based Question that includes the identification and location of significant test items. This question carries* ***5*** *marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in section B, C and D of question paper. A candidate has to write answer for only* ***one*** *of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*



ZOLLEGE

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** $21 \times 1 = 21$

1. निम्नलिखित में से कौन भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (A.S.I.) के पहले महानिदेशक थे ? **1**

(A) एस.एन. राय (B) जॉन मार्शल

(C) दया राम साहनी (D) एलेक्सेंडर कनींघम

2. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **स्तंभ-I (हड़प्पा पुरास्थल)** | **स्तंभ-II (वर्तमान क्षेत्र)** |
|---|---|
| I. मांडा | a. गुजरात |
| II. राखीगढ़ी | b. राजस्थान |
| III. नागेश्वर | c. हरियाणा |
| IV. कालीबंगन | d. जम्मू |

**विकल्प :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | c | a | b | d |
| (B) | a | b | d | c |
| (C) | b | d | c | a |
| (D) | d | c | a | b |

3. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमिक क्रम से व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

I. गुप्त शासन की शुरुआत

II. मौर्य साम्राज्य का अंत

III. तमिलनाडु में पल्लवों का उदय

IV. कन्नौज के राजा के रूप में हर्षवर्धन का उदय

**विकल्प :**

(A) I, III, II और IV (B) II, I, III और IV

(C) III, IV, I और II (D) IV, I, II और III



ZOLLEGE

## SECTION – A

**(Multiple Choice Questions)** **21 × 1 = 21**

1. Who among the following was the first Director General of Archaeological Survey of India (A.S.I.) ? **1**

   (A) S.N. Roy (B) John Marshall

   (C) Daya Ram Sahni (D) Alexander Cunningham

2. Match Column-I with Column-II and choose the correct option from the following : **1**

| Column-I (Harappan Sites) | Column-II (Present region) |
|---|---|
| I. Manda | a. Gujarat |
| II. Rakhigarhi | b. Rajasthan |
| III. Nageshwar | c. Haryana |
| IV. Kalibangan | d. Jammu |

**Options :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | c | a | b | d |
| (B) | a | b | d | c |
| (C) | b | d | c | a |
| (D) | d | c | a | b |

3. Arrange the following events in a chronological order and choose the correct option : **1**

   I. Beginning of Gupta rule

   II. End of Mauryan Empire

   III. Rise of Pallavas in Tamil Nadu

   IV. Rise of Harshavardhana as a king of Kannauj

   **Options :**


   (A) I, III, II and IV (B) II, I, III and IV

   (C) III, IV, I and II (D) IV, I, II and III



ZOLLEGE

4. दिए गए विकल्पों में से प्राचीन मंदिर के इस चित्र की पहचान कीजिए । 1



(A) देवगढ़ मंदिर

(B) कैलाशनाथ मंदिर

(C) बृहदेश्वर मंदिर

(D) महाबलीपुरम् मंदिर

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न सं. 4 के स्थान पर है ।**

निम्नलिखित प्राचीन विद्वानों में से कौन यूनान का था ? 1

(A) जराथूस्त्र

(B) कांग ज़ी

(C) अरस्तू

(D) लाओ-त्से-तुंग

5. दिए गए में से उचित विकल्प से अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए । 1

बुद्ध का पहला उपदेश ________ में दिया गया था ।

(A) बोधगया

(B) अमरावती

(C) सारनाथ

(D) साँची

6. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से महाभारत के पात्र की पहचान कीजिए : 1

- वह भीम का पुत्र था ।
- वह मातृ पक्ष से राक्षस वंश से था ।

(A) दुर्योधन

(B) अभिमन्यु


(C) घटोत्कच

(D) भीष्म



ZOLLEGE

4. Identify the given image of ancient temple from the given options : **1**



(A) Deogarh Temple (B) Kailashnath Temple

(C) Brihedeshwara Temple (D) Mahabalipuram Temple

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 4.**

Who among the following ancient scholar belonged to Greece ? **1**

(A) Zarathustra (B) Kang zi

(C) Aristotle (D) Lao-Tse-tung

5. Write the appropriate option from the given in your answer sheet. **1**

The first Sermon of the Buddha was delivered at ________.

(A) Bodh Gaya (B) Amravati

(C) Sarnath (D) Sanchi

6. Identify the character of Mahabharata with the help of following information : **1**

- He was the son of Bheema.
- He belonged to Rakshasa clan from maternal side.

(A) Duryodhan (B) Abhimanyu

(C) Ghatotkatch (D) Bheeshama



ZOLLEGE

7. नीचे दो कथन दिए गए हैं – अभिकथन (A) और कारण (R)। इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

**अभिकथन (A) :** आरंभिक भारतीय इतिहास में छठी शताब्दी ई.पू. को एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तनकारी काल माना जाता है।

**कारण (R) :** इस काल को आरंभिक राज्यों, नगरों, लोहे के बढ़ते प्रयोग, सिक्कों के विकास एवं बुद्ध धर्म तथा जैन धर्म के विकास के साथ जोड़ा जाता है।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

8. नीचे दी गई जानकारी की सहायता से प्रारंभिक भक्ति परंपरा की स्त्री भक्त के नाम की पहचान कीजिए : 1

- वह शिव भक्त थीं।
- उन्होंने अपने उद्देश्य प्राप्ति हेतु घोर तपस्या का मार्ग अपनाया।

(A) करइक्काल अम्मइयार (B) मीराबाई

(C) अंडाल (D) मुक्ताबाई

9. विजयनगर साम्राज्य के समकालीन राज्यों के संदर्भ में कौन सा विकल्प सही <u>नहीं</u> है ? 1

(A) उड़ीसा के गजपति राज्य की स्थापना

(B) मालवा की सल्तनतों की स्थापना

(C) बीजापुर की सल्तनतों का उदय

(D) कर्नाटक में चालुक्यों का उदय



ZOLLEGE

7. Given below are two statements as Assertion (A) and Reason (R). Read them carefully and choose the correct option. **1**

**Assertion (A) :** The sixth century BCE is often regarded as a major turning point in early Indian history.

**Reason (R) :** This was an era associated with early states, cities, use of iron, development of coinage and growth of Buddhism and Jainism.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is untrue.

(D) (A) is not true but (R) is true.

8. Identify the name of a woman devotee of early Bhakti tradition with the help of information given below : **1**

- She was a devotee of Lord Shiva.
- She adopted a path of extreme asceticism to attain her goal.

(A) Karraikal Ammaiyar (B) Mirabai

(C) Andal (D) Muktabai

9. Which one of the following option is NOT correct regarding the contemporaries of Vijayanagara empire ? **1**

(A) Establishment of the Gajapati Kingdom of Orissa

(B) Establishment of the Sultanates of Malwa

(C) Emergence of Sultanates of Bijapur

(D) Rise of the Chalukyas in Karnataka



ZOLLEGE

10. विजयनगर साम्राज्य के संबंध में निम्नलिखित विकल्पों में से सही कथन का चयन कीजिए : **1**

(A) इस साम्राज्य की स्थापना सुलुव वंश द्वारा की गई ।

(B) कृष्णदेव राय की मृत्यु के पश्चात यह साम्राज्य शक्तिशाली हो गया ।

(C) तालीकोटा का युद्ध इस साम्राज्य के लिए विनाशकारी साबित हुआ ।

(D) इनकी भू-राजस्व प्रणाली मनसबदारी प्रणाली से ली गई थी ।

11. विजयनगर साम्राज्य के संदर्भ में स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **स्तंभ-I**<br>**(यात्री जिन्होंने विजयनगर साम्राज्य की यात्रा की)** | **स्तंभ-II**<br>**(देश जिससे वह संबंधित थे)** |
|---|---|
| I. निकोलो दे कॉन्ती | a. फ़ारस |
| II. अब्दुर रज़्ज़ाक | b. पुर्तगाल |
| III. दुआर्ते बरबोसा | c. इटली |
| IV. अफानसी निकितन | d. रूस |

**विकल्प :**

| | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | d | b |
| (B) | c | a | b | d |
| (C) | d | b | c | a |
| (D) | b | d | a | c |



ZOLLEGE

10. Choose the correct statement from the following options with reference to Vijayanagara empire : **1**

(A) This empire was founded by the rulers of Saluva dynasty.

(B) This empire became powerful after the death of Krishnadeva Raya.

(C) The battle of Talikota proved disastrous for Vijayanagara empire.

(D) Their land revenue system was taken from Mansabdari system.

11. Match Column-I with Column-II regarding Vijayanagara empire and choose the correct option : **1**

| **Column-I (Travellers who visited Vijayanagara Empire)** | **Column-II (Country they belonged)** |
|---|---|
| I. Nicolo de Conti | a. Persia |
| II. Abdur Razzak | b. Portugal |
| III. Duarte Barbosa | c. Italy |
| IV. Afanasi Nikitin | d. Russia |

**Options :**

| | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | d | b |
| (B) | c | a | b | d |
| (C) | d | b | c | a |
| (D) | b | d | a | c |



ZOLLEGE

12. मुगल राज्य में कृषि के निरंतर विस्तार में निम्नलिखित में से कौन सा एक प्रमुख कारक नहीं था । 1

(A) भूमि की प्रचुरता
(B) श्रम की उपलब्धता
(C) किसानों की गतिशीलता
(D) ट्रैक्टरों की उपलब्धता

13. मुगलों की भू–राजस्व प्रणाली के संदर्भ में स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II के साथ कीजिए : 1

| **स्तंभ-I** | **स्तंभ-II** |
|---|---|
| I. जमा | a. सचमुच वसूली गई रकम |
| II. खेत बटाई | b. फसल काटने के बाद उसे अपने में बाँटना |
| III. लाँग बटाई | c. बीज बोने के बाद खेत बाँटना |
| IV. हासिल | d. निर्धारित रकम |

**विकल्प :**

| | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | c | b | a |
| (B) | a | b | c | d |
| (C) | d | c | a | b |
| (D) | c | b | a | d |

14. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सुमेलित है ? 1

| **सूफ़ी संत** | **दरगाह का स्थान** |
|---|---|
| (A) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती | – अजोधन (पाकिस्तान) |
| (B) ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख़्तियार काकी | – आगरा |
| (C) शेख निज़ामुद्दीन औलिया | – दिल्ली |
| (D) शेख फरीदुद्दीन गंज–ए–शकर | – अजमेर |



ZOLLEGE

12. Which one of the following was <u>not</u> a major factor that accounted for the constant expansion of agriculture in the Mughal state ? **1**

(A) Abundance of land
(B) Availability of labour
(C) Mobility of peasants
(D) Availability of tractors

13. With reference to the land revenue system of the Mughals, match Column-I with that of Column-II : **1**

| Column-I | Column-II |
|---|---|
| I. Jama | a. The amount actually collected |
| II. Khet Batai | b. After cutting the crops, putting it in heaps and divided equally |
| III. Lang Batai | c. Field is divided when it is sown for levying revenue |
| IV. Hasil | d. The amount of revenue assessed |

**Options** :

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | c | b | a |
| (B) | a | b | c | d |
| (C) | d | c | a | b |
| (D) | c | b | a | d |

14. Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| Sufi teachers | Location of Dargah |
|---|---|
| (A) Shaikh Moinuddin Chishti | – Ajodhan (Pakistan) |
| (B) Khwaja Qutubuddin Bakhtiyar Kaki | – Agra |
| (C) Shaikh Nizamuddin Auliya | – Delhi |
| (D) Shaikh Fariduddin Ganj-i-Shakar | – Ajmer |



ZOLLEGE

15. 1770 में निम्नलिखित में से किसने भागलपुर में पहाड़ियों के साथ 'शांति की नीति' का प्रस्ताव दिया ? **1**

(A) विलियम होज़

(B) अगस्टस क्लीवलैंड

(C) जॉर्ज चिनरे

(D) कैप्टन कूक

16. निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

I. अंग्रेजों द्वारा पारित किया परिसीमन कानून

II. बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त का प्रारंभ

III. संथाल विद्रोह

IV. बॉम्बे दक्कन में रैयतवारी प्रणाली

**विकल्प** :

(A) I, II, III और IV

(B) II, III, I और IV

(C) II, IV, III और I

(D) III, IV, I और II

17. निम्नलिखित विकल्पों में से संविधान सभा के संबंध में 26 नवंबर, 1949 के महत्त्व का चयन कीजिए : **1**

(A) प्रारूप समिति का गठन

(B) संविधान सभा की शुरुआत

(C) भारत के राष्ट्रीय ध्वज को डिजाइन करना

(D) संविधान सभा द्वारा संविधान पर हस्ताक्षर



ZOLLEGE

15. Who among the following proposed a 'Policy of Pacification' with the Paharias in 1770 in Bhagalpur ? **1**

(A) William Hodge

(B) Augustus Cleveland

(C) George Chinray

(D) Captain Cook

16. Arrange the following in chronological order and choose the correct option. **1**

I. Limitation Law passed by the British

II. Starting of Permanent Settlement in Bengal

III. Santhal Rebellion

IV. Ryotwari settlement in Bombay Deccan

**Options** :

(A) I, II, III, and IV

(B) II, III, I and IV

(C) II, IV, III and I

(D) III, IV, I and II

17. Select the significance of 26 November, 1949 in relation to the Constituent Assembly from the following options : **1**

(A) Formation of the Drafting Committee

(B) Commencement of the Constituent Assembly

(C) Designing of the National Flag of India

(D) Signing of Constitution by the Constituent Assembly.



ZOLLEGE

18. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सुमेलित है ? **1**

| स्तंभ-I (क्षेत्र) | स्तंभ-II (1857 के विद्रोह के नेता) |
|---|---|
| (A) कानपुर | – कुँवर सिंह |
| (B) बिहार | – गोनू |
| (C) लखनऊ | – बिरजिस कद्र |
| (D) सिंहभूम | – नाना साहेब |

19. निम्नलिखित में से किस शब्द का उपयोग गांधीजी के 'अहिंसा' के दर्शन का वर्णन करने के लिए किया जाता है ? **1**

(A) स्वराज

(B) सर्वोदय

(C) बहिष्कार

(D) सत्याग्रह

20. नीचे दी गई जानकारी की सहायता से ब्रिटिश अधिकारी की पहचान कीजिए । **1**

- उन्होंने पश्चिमी शिक्षा की शुरुआत करके भारतीय समाज में सुधार की नीतियाँ अपनाईं ।
- उन्होंने सती प्रथा को ख़त्म करने के लिए कानून बनाए ।
- उन्होंने हिंदू विधवा विवाह को वैधता दी ।

(A) लॉर्ड माउंटबैटन

(B) लॉर्ड वैलेज़ली

(C) लॉर्ड विलियम बेंटिक

(D) लॉर्ड रिपन



ZOLLEGE

18. Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| **List-I** **(Regions)** | **List -II** **(Leaders of the Revolt of 1857)** |
|---|---|
| (A) Kanpur | – Kunwar Singh |
| (B) Bihar | – Gonoo |
| (C) Lucknow | – Birjis Qadr |
| (D) Singhbhum | – Nana Saheb |

19. Which of the following terms is used to describe Gandhiji's philosophy of 'Non-violence' ? **1**

(A) Swaraj
(B) Sarvodaya
(C) Boycott
(D) Satyagraha

20. Identify the name of a British official from the information given below. **1**

- He adopted policies of reforming Indian society by introducing western education.
- He established laws to abolish Sati system.
- He permitted remarriage of Hindu widows

(A) Lord Mountbatten
(B) Lord Wellesley
(C) Lord William Bentinck
(D) Lord Ripon



ZOLLEGE

21. निम्नलिखित में से किसकी सलाह पर गांधीजी ने ब्रिटिश भारत में भ्रमण करते हुए भूमि और यहाँ के लोगों के बारे में जानने का प्रयास किया ? **1**

(A) बाल गंगाधर तिलक

(B) बिपिन चंद्र पाल

(C) लाला लाजपत राय

(D) गोपाल कृष्ण गोखले

## खण्ड – ख

**(लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** **6 × 3 = 18**

22. (a) पुरातत्वविदों ने हड़प्पा युग के शिल्प उत्पादन केंद्रों की पहचान किस प्रकार की, स्पष्ट कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) 'हड़प्पा शहरों की सबसे अनूठी विशेषताओं में से एक ध्यानपूर्वक नियोजित जल निकास प्रणाली थी।' इस कथन की व्याख्या कीजिए। **3**

23. "जैन मान्यता के अनुसार जन्म और पुनर्जन्म का चक्र कर्म के द्वारा निर्धारित होता है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। **3**

24. 1800 ई. में हम्पी के भग्नावशेष कॉलिन मैकेंजी द्वारा प्रकाश में किस प्रकार लाए गए ? विश्लेषण कीजिए। **3**



ZOLLEGE

21. On whose advice among the following did Gandhiji attempt to visit British India and learn about the land and its people ? **1**

(A) Bal Gangadhar Tilak

(B) Bipin Chandra Pal

(C) Lala Lajpat Rai

(D) Gopal Krishna Gokhale

## SECTION – B

**(Short Answer Type Questions)** **6 × 3 = 18**

22. (a) Explain how did archaeologists identify the centres of craft production of the Harappan age. **3**

**OR**

(b) "The most distinctive feature of Harappan cities was Carefully planned drainage system." Explain the statement. **3**

23. "According to Jaina teachings, the birth and rebirth is shaped through Karma." Explain the statement. **3**

24. Analyse how the ruins of Hampi were brought to light in 1800 by Colin Mackenzie. **3**



ZOLLEGE

25. सोलहवीं व सत्रहवीं शताब्दी में ग्रामीण समाज में महिलाओं को एक महत्त्वपूर्ण संसाधन क्यों माना जाता था ? स्पष्ट कीजिए । **3**

26. विश्लेषण कीजिए कि उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में संथाल लोग राजमहल की पहाड़ियों की परिधि में कैसे बस गए । **3**

27. (a) 1857 के दौरान अफवाहों ने लोगों को अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने के लिए किस प्रकार प्रेरित किया ? स्पष्ट कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) अंग्रेज अवध का अधिग्रहण करने के लिए उत्सुक क्यों थे ? स्पष्ट कीजिए । **3**

## खण्ड – ग

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** **3 × 8 = 24**

28. (a) "प्राचीन भारत में राजसत्ता क्षत्रियों के साथ गैर–क्षत्रियों के पास भी होती थी ।" इस कथन को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **4 + 4 = 8**

**अथवा**

(b) "प्राचीन भारतीय उपमहाद्वीप में चार वर्णों के ब्राह्मणवादी विचार के प्रभाव के परे भी कुछ समुदाय थे ।" इस कथन को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **8**



ZOLLEGE

25. Explain why were women considered an important resource in agrarian society during sixteenth and seventeenth centuries. **3**

26. Analyse how Santhals settled in the periphery of Raj Mahal hills in the beginning of nineteenth century. **3**

27. (a) How did the rumours play a role in moving the people to revolt against the British during 1857 ? Explain. **3**

**OR**

(b) Why were the British so keen to acquire Awadh ? Explain. **3**

## SECTION – C

**(Long Answer Type Questions)** **3 × 8 = 24**

28. (a) "In the ancient India, the Kingship was not only with Kshatriyas but also with Non-Kshatriyas." Explain the statement with examples. **4 + 4 = 8**

**OR**

(b) "In the ancient Indian subcontinent there were populations beyond the influence of Brahminical idea of four Varnas." Explain this statement with examples. **8**



Z@LLEGE

29. (a) मुगल भारत के दौरान भूमि के राजकीय स्वामित्व और निजी संपत्ति की कमी के बर्नियर के विवरण की परख कीजिए। 8

**अथवा**

(b) अपनी यात्रा के दौरान दिल्ली और दौलताबाद पर इब्न-बतूता के विचारों की परख कीजिए। 8

30. (a) संविधान सभा के कुछ सदस्यों ने शक्तिशाली केन्द्र के लिए तर्क क्यों दिए ? स्पष्ट कीजिए। 8

**अथवा**

(b) संविधान सभा में कुछ सदस्यों द्वारा निभाई गई महत्त्वपूर्ण भूमिका की व्याख्या कीजिए। 8

## खण्ड – घ

**(स्रोत-आधारित प्रश्न)** **3 × 4 = 12**

31. निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**राजा के आदेश**

राजन् देवनामपिय पियदस्सी यह कहते हैं :

अतीत में मसलों को निपटाने और नियमित रूप से सूचना एकत्र करने की व्यवस्थाएँ नहीं थीं। लेकिन मैंने निम्नलिखित (व्यवस्था) की हैं। लोगों के समाचार हम तक पतिवेदक सदैव पहुँचाएँ। चाहे मैं कहीं भी हूँ, खाना खा रहा हूँ, अन्त:पुर में हूँ, विश्राम कक्ष में हूँ, गोशाला में हूँ, या फिर पालकी में मुझे ले जाया जा रहा हो अथवा वाटिका में हूँ। मैं लोगों के विषयों का निराकरण हर स्थल पर करूँगा।



ZOLLEGE

29. (a) Examine Bernier's description of Crown ownership of land and lack of private property during Mughal India. 8

**OR**

(b) Examine Ibn-Battuta's views on Delhi & Daulatabad during his travel. 8

30. (a) Why did some members of Constituent Assembly argue for a strong Centre ? Explain. 8

**OR**

(b) Explain the important role played by some members in the Constituent Assembly. 8

## SECTION – D

**(Source Based Questions)** **$3 \times 4 = 12$**

31. Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**The orders of the king**

Thus speaks king Devanampiya Piyadassi :

In the past, there were no arrangements for disposing affairs, nor for receiving regular reports. But I have made the following (arrangement). Pativedakas should report to me about the affairs of the people at all times, anywhere, whether I am eating, in the inner apartment, in the bedroom, in the cow pen, being carried (possibly in a palanquin), or in the garden. And I will dispose of the affairs of the people everywhere.



ZOLLEGE

31.1 देवनामपिय पियदस्सी किसे कहा गया है ? **1**

31.2 देवनामपिय का दृष्टिकोण पूर्व के प्रकरण के निपटान की व्यवस्थाओं की तुलना में किस प्रकार अलग था ? **1**

31.3 देवनामपिय ने किस तरह से सूचना प्राप्त की और लोगों के मसलों को निपटाया ? **2**

32. निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**एक ईश्वर**

यह रचना कबीर की मानी जाती है :

हे भाई यह बताओ, किस तरह हो सकता है

कि संसार के एक नहीं दो स्वामी हों ?

किसने तुम्हें भ्रमित किया है ?

ईश्वर को अनेक नामों से पुकारा जाता है : जैसे अल्लाह, राम, करीम, केशव, हरि तथा हज़रत ।

विभिन्नताएँ तो केवल शब्दों में हैं जिनका आविष्कार हम स्वयं करते हैं ।

32.1 कबीर ने परम सत्यता का विवरण कैसे किया है ? **1**

32.2 कबीर का दर्शन अध्यात्म की व्यापक समझ में कैसे योगदान देता है ? **1**

32.3 कबीर ने किस प्रकार मानवता के प्रति समावेशी और दयालु दृष्टिकोण की बात की है ? **2**



ZOLLEGE

31.1 Who was referred to as Devanampiya Piyadassi ? **1**

31.2 How did Devanampiya's approach differ from past arrangements regarding the handling of affairs ? **1**

31.3 In what way did Devanampiya receive reports and disposed of the affairs of the people ? **2**

32. Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**The One Lord**

Here is a composition attributed to Kabir :

Tell me, brother, how can there be

No one lord of the world but two ?

Who led you so astray ?

God is called by many names :

Names like Allah, Ram, Karim, Keshav, Hari, and Hazrat.

Gold may be shaped into rings and bangles.

Isn't it gold all the same ?

Distinctions are only words we invent...

32.1 How did Kabir describe the ultimate reality ? **1**

32.2 How does Kabir's philosophy contribute to a broader understanding of spiritualism ? **1**

32.3 How has Kabir advocated an inclusive and compassionate view of humanity ? **2**




ZOLLEGE

33. निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**चरखा**

महात्मा गाँधी आधुनिक युग, जिसमें मशीनों ने मानव को गुलाम बनाकर श्रम को हटा दिया था, के घोर आलोचक थे । उन्होंने चरखा को एक ऐसे, मानव समाज के प्रतीक रूप में देखा, जिसमें मशीनों और प्रौद्योगिकी को बहुत महिमामंडित नहीं किया जाएगा । इससे भी अधिक चरखा गरीबों को पूरक आमदनी प्रदान कर सकता था तथा उन्हें स्वावलम्बी बना सकता था ।



मेरी आपत्ति मशीन के प्रति सनक से है । यह सनक श्रम बचाने वाली मशीनरी के लिए है । ये तब तक 'श्रम बचाते' रहेंगे जब तक कि हज़ारों लोग बिना काम के और भूख से मरने के लिए सड़कों पर न फेंक दिए जाएँ । मैं मानव समुदाय के किसी एक हिस्से के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए समय और श्रम बचाना चाहता हूँ : मैं धन का केंद्रीकरण कुछ ही लोगों के हाथों में नहीं बल्कि सभी के हाथों में करना चाहता हूँ ।

*यंग इंडिया, 13 नवंबर 1924*

खद्दर मशीनरी को नष्ट नहीं करना चाहता बल्कि यह इसके प्रयोग को नियमित करता है और इसके विकास को नियंत्रित करता है । यह मशीनरी का प्रयोग सर्वाधिक ग़रीब लोगों के लिए उनकी अपनी झोपड़ियों में करता है । पहिया अपने आप में ही मशीनरी का एक उत्कृष्ट नमूना है ।

*यंग इंडिया, 17 मार्च 1927*

33.1 गांधीजी मशीन के आलोचक क्यों थे ? **1**

33.2 पहिये को मशीनरी का एक उत्कृष्ट नमूना क्यों माना गया था ? **1**

33.3 गांधीजी ने चरखे को कैसे महिमामंडित किया है ? **2**




ZOLLEGE

33. Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**Charkha**

Mahatma Gandhi was profoundly critical of the modern age in which machines enslaved humans and displaced labour. He saw the *charkha* as a symbol of a human society that would not glorify machines and technology. The spinning wheel, moreover, could provide the poor with supplementary income and make them self-reliant.



What I object to, is the craze for machinery as such. The craze is for what they call labour-saving machinery. Men go on "saving labour", till thousands are without work and thrown on the open streets to die of starvation. I want to save time and labour, not for a fraction of mankind, but for all; I want the concentration of wealth, not in the hands of few, but in the hands of all.

*YOUNG INDIA, 13 NOVEMBER 1924*

Khaddar does not seek to destroy all machinery but it does regulate its use and check its weedy growth. It uses machinery for the service of the poorest in their own cottages. The wheel is itself an exquisite piece of machinery.

*YOUNG INDIA, 17 MARCH 1927*

33.1 Why was Gandhiji critical of machines ? **1**

33.2 Why was wheel considered as an exquisite piece of machinery ? **1**

33.3 How did Gandhiji glorify charkha ? **2**



ZOLLEGE

## खण्ड – ङ

**(मानचित्र–आधारित प्रश्न)** **5 × 1 = 5**

34. 34.1 भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

(i) अमरावती – बौद्ध स्थल 1

(ii) वाराणसी – प्राचीन नगर 1

(iii) (a) विजयनगर – 14वीं सदी का एक साम्राज्य 1

**अथवा**

(b) उड़ीसा – 14वीं सदी का क्षेत्र 1

34.2 भारत के इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर दो स्थानों को A और B, 1857 के विद्रोह के केन्द्रों में चिह्नित किया गया है । इनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । 2

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर हैं ।**

34.1 भारत में किसी एक बौद्ध स्थल का उल्लेख कीजिए । 1

34.2 भारत के मध्य क्षेत्र में स्थित किसी एक प्राचीन नगर का नाम लिखिए । 1

34.3 (a) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए । 1

**अथवा**

(b) विजयनगर साम्राज्य के किसी एक पड़ोसी राज्य का नाम लिखिए । 1

34.4 भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केन्द्रों के नाम लिखिए । 2



ZOLLEGE

## SECTION – E

**(Map Based Question)** **$5 \times 1 = 5$**

34. 34.1 On the given political outline map of India, locate and label the following with appropriate signs :

(i) Amravati – Buddhist site **1**

(ii) Varanasi – Ancient city **1**

(iii) (a) Vijayanagara – An Empire of 14th century **1**

**OR**

(b) Orissa – Territory of 14th century **1**

34.2 On the same political outline map of India two places related with the centres of revolt of 1857 one marked as A and B. Identify them and write their names on the lines marked near them. **2**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 34.**

34.1 Mention any one Buddhist site of India. **1**

34.2 Name any one ancient city located in the central region of India. **1**

34.3 (a) Name the capital city of Vijayanagara empire. **1**

**OR**

(b) Name any one neighbouring state of Vijayanagara empire. **1**

34.4 Mention any two centres of the Indian National Movement. **2**




ZOLLEGE

Z@LLEGE

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

प्रश्न सं. **34** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **34**






ZOLLEGE

ZOLLEGE